# Awareness program and distribution of inkind items at Balichowki (Seraj)








No Signal
प्रदेश भवन एवं


No Signal




हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड,


प्रदेश
अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड,
जिला मण्डी (हि.प्र.)
एवं अभिनन्दन करता है।
मण्डी, जिला मण्डी (हि.प्र.)


CHOWKI
RR
WIRES & CABLES
ग्राम पंचायत : बालीचौकी
ब्लॉक /तालुक : बालीचौकी
प्रधान का नाम : श्रीमती चम्पा
कुल आबादी : 1966
योजना
1
(14 वां वित्तायोग)


HIMACHAL PRADESH POLICE
OLICE POST BALI CHOWKI
01905-229103
MANDI (H.P.)
RR KABEL
WIRES & CABLES
AKALMAND BANO,
SAHI CHUNO.




maurice

# मंडी जिला में कामगारों को 9 करोड़ 26 लाख रुपए के वित्तीय लाभ प्रदान : नरदेव कंवर

## कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह का आयोजन

सवेरा ब्यूरो

मंडी, 14 नवंबर : मंडी जिला में वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड द्वारा 2456 पंजीकृत कामगारों को लगभग 9 करोड़ 26 लाख रुपए के वित्तीय लाभ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए, जिसमें से सराज विधानसभा क्षेत्र के 409 लाभार्थी को एक करोड़ 53 लाख रुपए शामिल हैं। राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपने संबोधन में नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पंजीकृत कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक



कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह में नरदेव कंवर को सम्मानित करते हुए।

कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें विवाह हेतु वित्तीय सहायता, मातृत्व अवकाश की सुविधाएं, शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता, कामगार लाभार्थी के 60 साल की आयु पूरी करने पर पेंशन सुविधाएं, 2 बेटियों तक जन्म उपहार, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खु के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रयत्नशील है तथा इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप भी वितरित किए। उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया। श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा जिला मंडी में कामगार बोर्ड द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी, जिला कांग्रेस मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला इंटक के सचिव जय चंद चौहान, स्थानीय पंचायत के प्रधान दिले राम, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष दलीप सिंह, सर्व कामगार संगठन के अध्यक्ष संत राम सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

---

**आपका फैसला**

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# मंडी जिला में कामगारों को 9 करोड़ 26 लाख रुपए के वित्तीय लाभ प्रदान : नरदेव कंवर



**मंडी, ( आपका फैसला )।** मंडी जिला में वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड द्वारा 2456 पंजीकृत कामगारों को लगभग 9 करोड़ 26 लाख रुपये के वित्तीय लाभ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए, जिसमें से सराज विधानसभा क्षेत्र के 409 लाभार्थी को एक करोड़ 53 लाख रुपये शामिल हैं। यह जानकारी आज राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पंजीकृत कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें विवाह हेतु वित्तीय सहायता, मातृत्व अवकाश की सुविधा, शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता, कामगार लाभार्थी के 60 साल की आयु पूरी करने पर पैंशन सुविधा, 2 बेटियों तक जन्म उपहार, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रयत्नशील है तथा इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप भी वितरित किए। उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया। श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा जिला मंडी में कामगार बोर्ड द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी, जिला कांग्रेस मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला इंटक के सचिव जय चंद चौहान, स्थानीय पंचायत के प्रधान दिले राम, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष दलीप सिंह, सर्व कामगार संगठन के अध्यक्ष संत राम सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

अमर उजाला

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# कामगारों को बांटे इंडक्शन चूल्हे, सोलर लैंप

बालीचौकी (मंडी)। राज्य कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि मंडी जिले में बोर्ड ने 2456 पंजीकृत कामगारों को करीब 9.26 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं।

बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप वितरित किए। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी, जिला कांग्रेस मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# 193 को इंडक्शन, 80 कामगारों को बांटे सोलर लैंप

**सहयोगी, जागरण • बालीचौकी** : मंडी जिला में वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड द्वारा 2456 पंजीकृत कामगारों को लगभग नौ करोड़ 26 लाख रुपये के वित्तीय लाभ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए। इसमें सराज विधानसभा क्षेत्र के 409 लाभार्थी को एक करोड़ 53 लाख रुपये शामिल हैं। राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने वीरवार को बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पंजीकृत कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

विवाह के लिए वित्तीय सहायता, मातृत्व अवकाश की सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर सराज हलके के बालीचौकी में एक महिला कामगार को इंडक्शन प्रदान करते हुए • जागरण

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रयत्नशील है तथा इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन व 80 कामगारों को सोलर लैंप वितरित किए।

उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी, जिला कांग्रेस मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला इंटक के सचिव जय चंद चौहान, स्थानीय पंचायत के प्रधान दिले राम, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष दलीप सिंह, सर्व कामगार संगठन के अध्यक्ष संत राम सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# मंडी में कामगारों को 9.26 करोड़ के वित्तीय लाभ

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– मंडी**

मंडी जिला में वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड द्वारा 2456 पंजीकृत कामगारों को लगभग 9 करोड़ 26 लाख रुपए के वित्तीय लाभ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए। जिसमें से सराज विधानसभा क्षेत्र के 409 लाभार्थी को एक करोड़ 53 लाख रुपए शामिल हैं। यह जानकारी आज राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पंजीकृत कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें विवाह हेतु वित्तीय सहायताए मातृत्व अवकाश की सुविधाए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता, कामगार लाभार्थी के 60 साल की आयु पूरी करने पर पेंशन सुविधाए 2 बेटियों तक जन्म उपहारए मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप भी वितरित किए।



**मंडी : कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कवंर की उपस्थिति में मनरेगा मजदूरों को सोलर लैंप बांटते प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश रेड्डी**

# कामगारों को बांटे इंडक्शन चूल्हे, सोलर लैंप

**बालीचौकी (मंडी)।** राज्य कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि मंडी जिले में बोर्ड ने 2456 पंजीकृत कामगारों को करीब 9.26 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं।

बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कामगारों और उनके आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप वितरित किए। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव जगदीश रेड्डी, जिला कांग्रेस मंडी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# बालीचौकी में खुलेगा श्रम विभाग का कार्यालय : कंवर

मंडी, 14 नवम्बर (ब्यूरो): मंडी जिले में वर्तमान सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान राज्य भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड द्वारा 2,456 पंजीकृत कामगारों को लगभग 9 करोड़ 26 लाख रुपए के वित्तीय लाभ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए हैं।

इनमें से अकेले सराज विधानसभा क्षेत्र में 409 लाभार्थियों को एक करोड़ 53 लाख रुपए के वित्तीय लाभ दिए गए हैं। यह जानकारी वीरवार को राज्य कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता एवं वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के 193 पंजीकृत कामगारों को इंडक्शन चूल्हे तथा 80 कामगारों को सोलर लैंप भी वितरित किए। उन्होंने बालीचौकी में श्रम विभाग का कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया।